# मैं क्या कर सकता/सकती हूं? मैं क्या नहीं कर सकता/सकती हूं? कैंपफायर और बार्बीक्यू

विक्टोरिया के राज्यों के वनों और पार्क में जाने के दौरान, आग सेकने या खाना पकाने के लिए कैंपफायर या बार्बीक्यू रखना एक सुखद अनुभव है। हालांकि, कैंपफायर से आग आसानी से बाहर निकल सकती है और झाड़ियों में लग सकती है ।

विक्टोरिया में सार्वजनिक भूमि पर प्रतिबंध लगाए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग बाहर न जाए और हमारा बुशलैंड सुरक्षित है। यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि आप यात्रा करने से पहले कैंपफायर और बार्बीक्यू नियमों और विनियमों को समझ लें।

अगर आप कैंपफायर या बार्बीक्यू जला रहे हैं, तो आप यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी रूप से जिम्मेदार हैं, कि यह सुरक्षित है, आग बाहर न निकले और जाने से पहले आग को पूरी तरह से बुझाएं।

## आग जलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित दिन




**आग जलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित दिन = कोई कैंपफायर और कोई ठोस पदार्थ या रसायनिक ईंधन वाला बार्बीक्यू नहीं**

यह आप पर है कि पता लगाएं कि आग जलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित दिन हैं या नहीं। आप 1800 226 226 पर Vic आपातकालीन हॉटलाइन से संपर्क कर सकते हैं, Vic आपातकालीन एप्प डाउनलोड कर सकते हैं या emergency.vic.gov.au पर जा सकते हैं। यदि आपको जानकारी नहीं है, तो अपने पड़ोसी कैंप से पूछें।

अगर अत्यधिक गर्मी या हवादार मौसम है, तो अपनी समझ का उपयोग करें और कैंपफायर या बार्बीक्यू न जलाएं।

## सामान्य उपयोग

**क्या मुझे अपने कैम्पफायर या ठोस ईंधन बार्बीक्यू के आसपास की चीज़ों को हटा देना चाहिए?**

# मैं क्या कर सकता/सकती हूं? मैं क्या नहीं कर सकता/सकती हूं? कैंपफ़ायर और बार्बीक्यू

हां।

अपने कैंपफायर और ठोस ईंधन वाले बार्बीक्यू के आसपास 3 मीटर की वायु एवं भू परिणिति रखें या ज्वलनशील सामग्री दूर रखें। उपलब्ध होने पर निर्दिष्ट फायरप्लेस का उपयोग करें।

**मेरा कैंपफायर या बार्बीक्यू किस आकार का हो सकता है?**

आपका कैम्पफायर या ठोस ईंधन वाला बार्बीक्यू आकार कम से कम 30 सेमी गहराई के साथ एक वर्ग मीटर या उससे कम आकार का होना चाहिए।

- आपके कैंपफायर या ठोस ईंधन वाले बार्बीक्यू पर रखा जाने वाला ठोस ईंधन एक मीटर से अधिक लंबा नहीं हो सकता है।
- कृपया राष्ट्रीय और राज्य पार्कों में कैंपफायर के संदर्भ देखें।

**उचित ढंग से निर्मित कैंपफायर क्या है?**

भट्ठी पत्थर, धातु, कंक्रीट या अन्य गैर-ज्वलनशील पदार्थों से इस तरह से बनाई जाती है, जिसमें आग एक परिधि में ही जलती है।

**क्या मैं ऐसे कैंपफायर या बार्बीक्यू का उपयोग कर सकता/सकती हूं, जिसमें तरल ईंधन, गैसीय ईंधन या रासायनिक ठोस ईंधन का उपयोग किया जाता है?**

हां, हालांकि आपको अपने तरल, गैसीय या रासायनिक ईंधन वाले कैंपफायर और बार्बीक्यू के आसपास 3 मीटर की वायु एवं भू परिणिति की दूरी रखनी चाहिए, जो ज्वलनशील सामग्री से मुक्त हो।

**क्या मैं अपना कैंपफायर या बार्बीक्यू छोड़ कर कहीं जा सकता/सकती हूं?**

नहीं

- एक जिम्मेदार वयस्क को हर समय पर्यवेक्षण के लिए ठोस ईंधन का उपयोग करने वाले अपने कैंपफायर या बार्बीक्यू के पास होना चाहिए।
- पास होने का अर्थ है कि ठोस ईंधन का उपयोग करने वाले अपने कैंपफायर या बार्बीक्यू की परिधि में होना या बाहरी परिधि से 50 मीटर भीतर होना चाहिए।

**अपने कैंपफायर को छोड़ते समय, इसे बुझाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?**

- आपको हमेशा अपने कैंपफायर को पानी से पूरी तरह से बुझाना चाहिए, न कि इस पर मिट्टी डालें।
- आप अपने कैंपफायर में अंगारा नहीं छोड़ सकते हैं।
- याद रखें, अगर आपका कैंपफायर स्पर्श करने पर ठंडा है, तो इसे छोड़कर जाना सुरक्षित है।

# मैं क्या कर सकता/सकती हूं? मैं क्या नहीं कर सकता/सकती हूं? कैंपफायर और बार्बीक्यू

अपने कैंपफायर में ग्लास, एल्यूमीनियम, प्लास्टिक, कचरा या स्क्रैप खाद्य उत्पादों को जमा न करें। कृपया इन्हें अपने साथ घर ले जाएं।

कैंपसाइट पर इन वस्तुओं को छोड़ना कूड़ा फैलाना है और यह स्थान में गंदगी फैलाने के जुर्माने के अधीन है।

## आग जलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित दिन

आग जलाने के प्रतिबंधित दिन = कोई कैंपफायर और कोई ठोस पदार्थ या रसायनिक ईंधन वाले बार्बीक्यू नहीं

**क्या मैं आग जलाने के प्रतिबंधित दिनों में कैंपफायर जला सकता/सकती हूं?**

नहीं

- आग जलाने के प्रतिबंधित दिनों में कैंपफायर जलाना प्रतिबंधित है।
- संदेह होने पर अपना कैंपफायर न जलाएं।

**क्या मैं ऐसे बार्बीक्यू का उपयोग कर सकता/सकती हूं, जिसे आग जलाने के प्रतिबंधित दिनों में गैस या बिजली से जलाया जाता है?**

हां

बार्बीक्यू, जिसे गैस या बिजली से जलाया जाता है और पत्थर, रोड़ी-कंक्रीट या किसी अन्य गैर-ज्वलनशील सामग्री से स्थायी रूप से बनी संरचना से सेट किया जाता है, या

बार्बीक्यू, जिसमें केवल गैस या बिजली का उपयोग किया जाता है, यह भोजन की तैयारी (पोर्टेबल बार्बीक्यू सहित) के लिए विशेष रूप से बनाए जाते हैं और वाणिज्यिक रूप से निर्मित होते हैं, और जलने पर इन्हें स्थिर स्थिति में रखा जाता है।

बशर्ते कि:

- यह खाना बनाने के लिए है।
- बार्बीक्यू की बाहरी परिधि से 3 मीटर की दूरी के भीतर क्षेत्र ज्वलनशील सामग्री से मुक्त हो।
- आपके पास तत्काल उपयोग के लिए या तो पानी की आपूर्ति से जुड़ी पाइप हो या कम से कम 10 लीटर वाला पानी का कंटेनर हो।
- एक वयस्क को हर समय आग जलने वाले स्थान पर होना चाहिए, जिसके पास आग को बुझाने की क्षमता हो
- वयस्क के जाने से पहले आग पूरी तरह से बुझी होनी चाहिए।

# मैं क्या कर सकता/सकती हूं? मैं क्या नहीं कर सकता/सकती हूं? कैंपफायर और बार्बीक्यू

**राष्ट्रीय और राज्य पार्कों में, कैंपफायर और बार्बीक्यू केवल नामित फायरप्लेस में ही जलाए जा सकते हैं।**

## जानकारी के स्रोत

- जाने से पहले bom.gov.au के माध्यम से मौसम के पूर्वानुमान की जांच करें
- निम्न के माध्यम से आग जलाने के प्रतिबंधित दिनों के बारे में जानें:
  - Vic Emergency Hotline – 1800 226 226
  - emergency.vic.gov.au
  - Vic Emergency App

संदिग्ध या गैर-कानूनी गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए 136186 पर कॉल करें

अगर आपको सहायता की आवश्कता है, तो कृपया अनुवाद और व्याख्या में मदद के लिए Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 (ऑस्ट्रेलिया में) पर संपर्क करें या www.tisnational.gov.au पर जाएं।